## सार-समाचार

### वैंकटेश बालाजी पीठ लोहार्गल धाम में कथा संपन्न

**उदयपुरवाटी ।** शेखावाटी के प्रसिद्ध तीर्थ लोहार्गल धाम की सिद्ध पीठ वैंकटेश बालाजी मठ में चल रही श्री वैंकटेश दिव्य कथा संपन्न यहा के पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने बताया की उत्तर भारत में राजस्थान की शेखावाटी की लोहार्गल की वैंकटेश बालाजी की प्रधान पीठ में पहली बार श्री वैंकटेश कथा का आयोजन हुआ। इस कथा को व्यास पीठ पे विराजमान हो के पंडित रवि शास्त्री ने कथा का वाचन किया। तीन दिन की इस कथा में अंतिम सत्र में गोदा रंगनाथ व लक्ष्मी वैंकटेश बालाजी और रामानुज स्वामी की कथा और कल्याण विवाह उत्सव संपन्न करवाया। इस आयोजन में स्वामी अश्विनचार्य महाराज ने कथा का महत्व बताया और वैंकटेश पीठ पे आए हुए सभी भगतो को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया हजारो भक्तो ने आनंद लिया।

### डॉ बीएल का समाज ने किया अभिनंदन

**तारानगर ।** राजकीय भरतीया अस्पताल के डॉ बीएल नायक को आईएमए राष्ट्रीय प्रेसिडेंट सराहना अवॉर्ड मिलने पर तारानगर के नायक समाज की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार तेलगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की 99वीं ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व जनसेवा के केंद्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चूरू के पूर्व अध्यक्ष डॉ बी एल नायक को आईएमए राष्ट्रीय प्रेसिडेंट सराहना अवॉर्ड से सम्मानित किया। जिस पर राजस्थान सचिव अंबेडकर समाज सेवा समिति लइच्छुराम, हेमाराम नायक देवगढ, संजय नायक जालीपुरा, दुर्गाराम खरतवास, नरेंद्र अड़िया गोदास सहित समाज के प्रतिनिधियों ने डॉ नायक का अभिनंदन किया तथा उनकी उल्लेखनीय सेवाओं को अनुकरणीय बताया।

### पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन

**उदयपुरवाटी** (निसं) ।कस्बे में घूम चक्कर के पास वार्ड नंबर 10 में कुआं लाख्याहाली पर स्थित शिवालय मंदिर के पास सोमवार को पूर्व पार्षद औनाड सिंह सैनी के सानिध्य में पौषबडा प्रसादी का आयोजन किया गया ओम प्रकाश सैनी बागड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान के भोग लगाकर पैदल राहगीरों एवं दुपहिया वाहन चालकों को पौषबडा प्रसादी वितरित की गई प्रसादी का कार्यक्रम सुबह से लेकर शाम तक जारी रहा प्रसादी के दौरान लोगों को गरमा गरम दाल की पकौड़ी खिलाई गई इस दौरान पूर्व पार्षद औनाड सिह सैनी, ओम प्रकाश सैनी बागड़ी, सुमेर सिंह सैनी, कैलाश बागड़ी, मोहित सैनी, मोतीलाल, धोलू राम, रामकिशोर डीगवाल, कालूराम सैनी, पंकज सैनी, अमित सैनी, दीपचंद असवाल, रामलाल सैनी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे

### छात्रा को मिलेगा गोल्ड मेडल

**राजस्थान,** (निसं)। बीएड कॉलेज सादुलपुर की छात्रा रितिका शुक्ला का दो वर्षीय पाठ्यक्रम में यूनिवर्सिटी टॉप करने पर महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा स्वर्ण पदक के लिए चयन किया गया है। संस्थान प्रबंध निदेशक डॉ दीपचंद साहू ने बताया कि 11 जनवरी 2025 को विश्वविद्यालय में आयोजित नवम दीक्षांत समारोह में राजस्थान के माननीय राज्यपाल द्वारा छात्रा रितिका शुक्ला को स्वर्ण पदक, प्रशस्ति और मानद डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रसायन विज्ञान के व्याख्याता संजय शुक्ला की पुत्री छात्रा रितिका शुक्ला बीएससी में भी श्रीराम पीजी कॉलेज की टॉपर विद्यार्थी रही है और वर्तमान में भारतीय रेलवे में कार्यरत है।

### पेड़ा भंडार की दुकान के पास बढ़ाई सुरक्षा

**चिड़ावा।** शहर की रेलवे स्टेशन रोड पर पंचायत समिति के सामने स्थित प्रसिद्ध लालचंद पेड़ा भंडार पर फायरिंग के मामले में पुलिस काफी सावचेती बरत रही है। इसी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समय समय पर समीक्षा भी हो रही है। शहर के पिलानी झुंझुनूं सड़क मार्ग पर स्टेशन रोड स्थित इस प्रतिष्ठान पर हुई फायरिंग की घटना के बाद से ही दुकान और व्यापारी के घर व गोदाम के बाहर हथियारबंद पुलिस जवानों का जब्ता 24 घंटे तैनात है। सोमवार को पुलिस ने स्टेशन रोड पर दुकान के सामने सुरक्षा बढ़ाते हुए दुकान के दोनों तरफ मुख्य सड़क मार्ग पर बेरीकेडिंग कर दी है। सीआई विनोद सामरिया ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दृष्टि से बेरिकेड्स लगाए गए हैं। फायरिंग मामले में कुछ गिरफ्तारी अभी तक हुई है। फिलहाल पुलिस टीमें मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। जल्द आरोपी की गिरफ्तारी होगी।

### शैक्षिक सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा

**पाटन ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर छात्रावास, पाटन में राज-शिक्षक संघ (अंबेडकर) ब्लॉक की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष महावीर प्रसाद वर्मा और जिला अध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा ने की। बैठक में आगामी राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की पूर्व तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। ब्लॉक कोषाध्यक्ष हजारीलाल ने सत्र 2023-24 के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए संघ की आर्थिक स्थिति पर जानकारी दी।इस अवसर पर सक्रिय कार्यकर्ता विजयकुमार , रोहिताश कटारिया, रामजी लाल , मदन लाल , बिंटू , सुरेश जिदोंलिया, परमानंद पी. और राजेंद्र दीपक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और सम्मेलन की सफलता के लिए अपने विचार साझा किए।बैठक में सभी सदस्यों ने आगामी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। सम्मेलन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया।

### प्रिया राठौर बनी राजस्थान मॉडल ऑफ़ द ईयर

**कोलसिया।** बेटी फाउंडेशन सहित अन्य संगठनों की ओर से मिस एंड मिसेज इंडिया मॉडल ऑफ द ईयर का आयोजन एक रेसोर्ट में हुआ। मिसेज केटेगरी में मिसेज इंडिया राजस्थान मॉडल ऑफ द ईयर प्रिया राठौर रही। मिसेज इंडिया फर्स्ट रनर अप उत्तरा मीना, मिसेज इंडिया सेकंड रनर अप मंजू चौधरी रही। विजेताओ को पुरस्कृत किया गया। आयोजन राहुल शर्मा और राज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की ब्रांड एम्बेसडर पूजा शर्मा, मुख्य अतिथि राजेश सैनी और रामबाबू सैनी रहें।

### प्रतियोगिता में एनसीसी नवलगढ़ विजेता रही

**कोलसिया।** कोलसिया की श्री सीताराम शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में चल रही भारत प्रीमियर लीग 2025 क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ।प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एनसीसी नवलगढ़ व कुशलपुरा के मध्य हुआ। जिसमें फाइनल मुकाबले में एनसीसी नवलगढ़ विजेता रहीं।पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच पति महेश पारीक थे।अध्यक्षता भामाशाह हेमंत दूत ने की। महेश पारीक ने कहा कि हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं, प्रतियोगिता में जिस भी टीम को हार मिली है वह निराश नहीं हो निरन्तर अभ्यास करते रहे उनको भी जीत जरुर मिलेगी।कार्यक्रम में युवा नेता कमल कालेर, प्रविण मीणा,पंकज सुनिया, कपिल कुमावत,नरेश कुमावत,सुरेन्द्र दूत,आदि मौजूद थे।

### क्षितिज कुमार आज कोलसिया आएंगे

**कोलसिया ।** हिंदी व राजस्थानी फ़िल्म बावलियो पंडित के अभिनेता व फ़िल्म निदेशक क्षितिज कुमार आज मंगलवार को कोलसिया आएंगे।डीपी सिंह दूत ने बताया कि इस दौरान वे पारस देवी प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई जा रही राजस्थानी फ़िल्म पॉइंट जीरो की शूटिंग के लिए कमलवाणी एफएम रेडियो सेंटर पर वार्तालाप करेंगे।इसके बाद गांव के खेल मैदान,श्याम विला,मंदिर आदि स्थानों की लोकेशन देखेंगे।इसके बाद वे बावलिया बाबा निर्वाणोत्सव में शामिल होने के लिए बुगाला जाएंगे।

### दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। पुलिस थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता को घर में अकेला देखकर उसको डरा धमकाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक भींयाराम मेघवाल को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया। वहीं न्यायालय ने आरोपी युवक को बीकानेर जेल भेजने के निर्देश दिए। थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता अपने छोटे बच्चों के साथ घर में अकेली थी। पति तेलंगाना काम के सिलसिले में गया हुआ था। पीछे से गांव का ही युवक जबरन घर में घुस गया और विवाहिता को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं रावलामंडी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 में एक नाली में भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई।

## गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती मनाई

**रतनगढ़,( निसं )।** भारत विकास परिषद् , शाखा - रतनगढ़ द्वारा आज नवोदयन एकेडमी, रतनगढ़ में हिन्दू धर्म रक्षक गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती मनाई गई। परिषद् के संस्कृति सप्ताह के दौरान मां सरस्वती व गुरु गोविंद सिंह जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि से शुरू हुए कार्यक्रम में मंच पर मंचासीन अतिथि के रूप में मंजुला चाकलान, दीपिका शर्मा, रेणु पारीक व सरिता चांडक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को प्रान्तीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान, संरक्षक मदनलाल कम्मा व विनोद कुमार वर्मा ने संबोधित किया। परिषद् के सम्मानित सदस्य डाक्टर ओमप्रकाश सांखोलिया ने कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर, सचिव परमेश्वर लाल आत्रेय,पवन माटोलिया, कमलेश दत्त शर्मा, एडवोकेट जयकांत बिंवाल,सत्यनारायण सेवदा, रामोतार चांडक, भंवरलाल टेलर,पवन कुमार महर्षि, संस्था निदेशक रामचन्द्र पारीक, राजेंद्र भारद्वाज,ओम मनोहर स्वामी , संदीप शर्मा छात्र - छात्रा सहित कई परिषद् सदस्य उपस्थित रहे।मंच संचालन वित्त सचिव शैलेश कुमार शर्मा ने किया।

# नीमकाथाना जिला हटाने के विरोध में धरना जारी, सातवें दिन भी बैठे भूख हड़ताल पर




नीमकाथाना को जिला बनाए जाने के निर्णय को पलटने के विरोध में धरना सातवें दिन भी जारी रहा।

**पाटन ।** नीमकाथाना को जिला बनाए जाने के निर्णय को पलटने के विरोध में धरना सातवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन में विधायक सुरेश मोदी भी शामिल हुए और उन्होंने भूख हड़ताल पर बैठे प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष आदिवासी समाज हरीराम मीणा, पी.एस. मीणा, राधेश्याम मीणा, विजय सिंगल, और रामचंद्र जाखड़ समेत कई नेताओं ने नीमकाथाना जिले को बहाल रखने की मांग की।

विधायक सुरेश मोदी ने भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को माला पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया।

■ **आंदोलन ने पकड़ी रफ्तार**

आंदोलनकारियों का कहना है कि सभी मापदंडों को पूरा करने के बाद ही नीमकाथाना को जिला बनाया गया था। 28 दिसंबर 2024 को राज्य सरकार ने इस निर्णय को पलटते हुए नीमकाथाना को जिला सूची से हटा दिया, जो जनता के लिए निराशाजनक है। सोमवार को विरोध प्रदर्शन में ऑटो रिक्शा यूनियन भी सड़क पर उतर आई। ऑटो चालकों ने रेलवे स्टेशन से अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर अपना आक्रोश जताया और ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर प्रेमस्वरूप मीणा, मदनलाल सैनी, डॉ. शीशराम गुर्जर, प्रेम यादव, शशीपाल भाकर, राजेश बाजिया, संदीप यादव, पप्पूराम खटाणा, हरिराम भावरिया, हीरालाल गुर्जर, रामकुमार यादव, राजपाल डोई, जितेन्द्र शर्मा, गिरधारी लाल धायल, बसंत यादव, अनिल काजला, विकास मीणा, बलवीर खैरवा, सुरेश खैरवा, सत्येन्द्र तौमर समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से पुनर्विचार कर नीमकाथाना को जिला बनाए रखने की मांग की है। आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती, उनका धरना और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## साहित्य सरोवर संस्था का वार्षिकोत्सव संपन्न

**रतनगढ़,( निसं )।**साहित्य सरोवर संस्था जयपुर का वार्षिकोत्सव सीकर रोड स्थित संतोष भोजनालय में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रसिद्ध साहित्यकार नरेंद्र कुसुम और विशिष्ट अतिथि वैद्य गोपीनाथ पारीक गोपेश और शोभा चंदर थीं।इस अवसर पर प्रमुख साहित्यकारों का अभिनंदन किया गया। नरेंद्र कुसुम ने कहा कि साहित्य व्यक्ति, व्यष्टि और समष्टि का कल्याण करने वाला होता है। साहित्य से समाज की दशा और दिशा तय होती है। उन्होंने यूरोपीय एवं भारतीय साहित्यकारों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया। वैद्य गोपीनाथ पारीक ने साहित्य की अनेक विधाओं की सूक्ष्म व्याख्या करते हुए आध्यात्मिक रचना पेश की। शोभा चंदर ने अपनी श्रेष्ठ ग़ज़लें और रुबाइयां प्रस्तुत की।संस्था सचिव हरिशंकर पारीक ने गत वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए आगामी योजना की रूपरेखा पटल पर रखी।समारोह में विविध विषयों पर सरस कविताओं ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।इस काव्योत्सव में प्रह्लाद कुमावत चंचल, सुभाष चन्द्र शर्मा, वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी, तुलसीराम धाकड़, राधेश्याम शर्मा, वैद्य भगवान सहाय पारीक, विद्यानिधि त्रिवेदी,विश्वनाथ शर्मा, शकुंतला पारीक , ओमप्रकाश पारीक, रमाकांत पुरोहित आदि ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

## प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता

**पाटन ।** नीमकाथाना के वरिष्ठ अधिवक्ता मनीराम जाखड़ के परिवार की बेटियों ने राष्ट्रीय शुटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शुटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर वैशाली जाखड़ और जिया जाखड़ ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। भोपाल में 1 जनवरी 2025 से 5 जनवरी 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय शुटिंग प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल नीमकाथाना बल्कि पूरे राजस्थान को गौरवान्वित किया है।इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में 5 जनवरी 2025 को जयपुर में आयोजित "जाट महिला शक्ति संगम" कार्यक्रम में विशाखा जाखड़ को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उन्हें मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# एस.एस.पी. यादव ने क्राइम बैठक में जिले के पुलिस अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की क्राइम बैठक ली।

**चूरू ।** एसएसपी जय यादव ने सोमवार दोपहर पुलिस लाइन सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की क्राइम बैठक ली। क्राइम बैठक में एसपी यादव ने कहा कि पुलिस थाने में आने वाले परिवादी के साथ पुलिस अधिकारी संवेदनशीलता के साथ बात करें। उनकी समस्या सुनकर हर संभव समाधान करने का प्रयास करें। एसएसपी यादव ने कहा कि चुरू पुलिस की ओर से गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भी अच्छा काम किया जाएगा।

गैंगवार व संगठित अपराधों में कमी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में गस्त भी बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा भी शहर के व्यापारी और आमजन भी पुलिस का सहयोग करें। व्यापारी अपनी दुकानों की पहरेदारी निजी तौर पर भी करवाये। जिससे चोरी की वारदात में भी कमी आएगी।

एसएसपी यादव ने कहा कि वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस के द्वारा समय समय पर अभियान चलाया गया है। उसमें काफी अच्छा काम किया गया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट में अवैध शराब, डोडा पोस्त, गांजा और अफीम पकड़ने की काफी कारवाई की है। यादव ने कहा कि जिले के पुलिस अधिकारी अपने-अपने थानों में पेंडेंसी की संख्या में कमी लाएं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से फरार चलने वाले वांटेड अपराधियों को पुलिस तुरंत हर स्थिति में गिरफ्तार करें। क्राइम मीटिंग में एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, डीएसपी सुनील झाझड़िया, कोतवाली थानाधिकारी मुकुट बिहारी, सदर थानाधिकारी बलवंत सिंह, रतननगर थानाधिकारी जयप्रकाश, महिला थानाधिकारी करतार सिंह, दूधवाखारा थानाधिकारी रतनलाल, भालेरी थानाधिकारी जगदीश प्रसाद, भानीपुरा थानाधिकारी, गौरव खिड़िया, राजगढ़ थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया, हमीरवास थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई सहित अनेक पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## बैंक में मनाया 13वां स्थापना दिवस

**पाटन ।** बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के 13वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय कार्यालय, नीमकाथाना में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक एम. एल. कुलदीप ने की।कार्यक्रम में बैंक के स्टाफ और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें राजस्थानी लोक गीतों और कलाकृतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक कुलदीप ने बैंक की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस दिशा में सभी कर्मचारियों का योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस के इस आयोजन ने बैंक के कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच आपसी सहयोग और सौहार्द को और अधिक मजबूत किया।

## साइबर क्राइम व यातायात नियमों के बारे में दी जानकारी

**राजलदेसर ।** राजलदेसर थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कस्बे के टैक्सी स्टैंड पर टैक्सी ड्राइवर में आमजन को बताते हुए कहा कि दिनों दिन साइबर ठगों के जाल में लोग फंसते जा रहे हैं। ऐसे में साइबर ठगों से बचाव के लिए जागरुकता ही सबसे बड़ी सावधानी है। इसलिए स्वयं जागरुक हों और दूसरों को भी जागरुक करें। उन्होंने आमजन को जागरुक करते हुए बताया कि साइबर अपराध में ठगी करने वाले बदमाश वर्तमान परिवेश में पैसों की ठगी, ब्लैकमेलिंग करने के अपराध में विभिन्न तरीके खोजकर आम लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। इससे बचने के लिए आम लोगों की सतर्कता ही आपकी ढाल बन सकती है। साइबर अपराधों की प्रवृत्ति से जागरुक होकर सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंनेकहा कि इस तरह के फ्रॉड से और साइबर अपराधों से बचने के लिए स्वयं जागरुक रहें और अपने आस पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी जागरुक करना हम सभी की जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर उन्होंने यातायात नियमों के बारे में भी जानकारी दी एवं अपनी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना करने की अपील । इस अवसर पर मोहनलाल महावर, भवानी पांडे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शंकरलाल खडोलिया , पार्षद जयचंद महावर , परमनाथ सिद्ध, लालचंद पांडे, जावेद सिक्का, लालचंद आचार्य ,गोपाल दाधीच, सोनू सैनी सहित बड़ी संख्या में आमजन व टैक्सी ड्राइवर मौजूद रहे ।

# वार्षिक उत्सव में शैरा चौधरी का भव्य स्वागत किया

**सीकर ।** एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर की सीबीएसई स्कूल के जूनियर विंग में आयोजित आरंगम् वार्षिक उत्सव में शैरा चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। जानकारी देते हुए एकेडमिक प्रभारी लतिका ढाका ने बताया कि आरंगम् वार्षिक उत्सव में संस्थान के 1000 से ज्यादा नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ देशभक्ति व अनेकता में एकता का पाठ पढाते हुए नाट्क एवं हास्य रचनाओं द्वारा सभी दर्शकगणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न 20 से ज्यादा राज्यों के विद्यार्थियों ने अपनी कला व संस्कृति से दर्शकों को अवगत करवाया। आरंगम् वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एकेडमिक में उच्च रैंक व स्पोर्ट्स में मैडल प्राप्त करने वाने वाले 300 से ज्यादा विद्यार्थियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अजमेर हाइवे पर एलपीजी गैस टेंकर हादसे में दो दर्जन से अधिक आग में झुलसे घायलों को अपनी जान की परवाह ना करते हुए उनकी जान बचाने वाले शैरा चौधरी को विशाल काफिले के साथ संस्थान मे लाकर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह सहित अतिथियों ने पुष्प माला व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैरा चौधरी ने अपने उद्बोधन में बताया कि दुर्घटना के समय प्रत्येक उपस्थित व्यक्ति की यह जिम्मेदारी बनती है कि घायल को समय से अस्पताल पहुचाया जाये ताकि उसकी जान बच सके जिससे उसके परिवार को बचाया जा सकता है। लेकिन देखने में यही आता है कि अधिकतर व्यक्ति रील बनाते एवं लुटखसोट करते है। शैरा ने सभी से अपिल करते हुए बताया कि जहॉ तक हो सके दुर्घटना के समय घायल की हरसंभव मदद करें। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन धमेन्द्र निठारवाल, कार्तिक सिंह, रींका एवं एंकर राजेन्द्र बीरडा ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में न्यायिक अधिकारी रमेश कुमार, श्रीमाधोपुर विकास अधिकारी सुनील ढाका, राजस्थान प्रदेश तेजा सेना अध्यक्ष श्रीराम बिजारणियॉ, सांवरमल मुवाल, युवा नेता नरेन्द्र बाटड, पिपराली उपप्रधान विकास मुंड, ढाका परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबुलाल ढाका, लोकअभियोजक रविन्द्र ढाका, मैट्रिक्स डायरेक्टर विरेन्द्र ढाका, रजनीश डालमास सहित हजारों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। इससे पहले रामू का बास, चौधरी चरण सिंह सर्किल, पालवास चौराहा , नानी चौहारा , विक्टर क्रिकेट एकेडमी पर सर्वसमाज द्वारा शैरा का स्वागत किया ।

# एडवोकेट सैनी ने लगातार दूसरी बार ली बार संघ अध्यक्ष पद की शपथ



शपथ ग्रहण समारोह जिला अभिभाषक संघ के सभागार में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।

**चूरू ।** जिला अभिभाषक संघ चुरू की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जिला अभिभाषक संघ के सभागार में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। 13 जनवरी को कोर्ट परिसर में बार के चुनाव में एडवोकेट नरेंद्र सैनी ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की थी। नरेंद्र सैनी के साथ ही उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट अभिषेक नाई, महासचिव पद पर एडवोकेट संजय खान, सचिव पद पर एडवोकेट मोहम्मद कैफ खिलजी, कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट जय प्रकाश शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर एडवोकेट कन्हैया लाल गुर्जर तथा प्रवक्ता के पद पर एडवोकेट ओमप्रकाश वर्मा निर्वाचित एवं मनोनीत किए गए।

■ **जिला अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

नव निर्वाचित कार्यकारिणी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र सैनी ने पूर्व अध्यक्ष के रूप में गत एक वर्ष का प्रतिवेदन एवं लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए बार के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि अभिभाषक संघ चुरू के खाते में साढ़े पांच लाख पहले से हैं तथा साढ़े चार लाख की राशि इस वर्ष शेष रही है। इस प्रकार करीब 10 लाख रुपए से ज्यादा राशि की बचत हो चुकी है। इस राशि से आगामी वर्षों में अधिवक्ता हित के कार्य करते हुए इसे और अधिक बढ़ाने का लक्ष्य लिया गया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने लगातार दूसरी बार अध्यक्ष के रूप में उन पर विश्वास प्रकट किया है जिसके लिए सभी का आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के दायित्व निर्वहन में आने वाली परेशानियों का समाधान करने के लिए वे सदैव संघर्षरत रहेंगे।

उन्होंने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पारित करवाने तथा स्वीकृत हो चुके नवीन कोर्ट परिसर के नव निर्माण में गति लाने हेतु भी संकल्प दोहराते हुए इस दिशा में आगे बढ़ने की घोषणा की। जिला अभिभाषक संघ के संरक्षक एडवोकेट बीरबल सिंह लांबा ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं का तथा उम्दा प्रबंधन हेतु चुनाव समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चुनाव प्रबंध समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संतोष सैनी तथा एडवोकेट गजेंद्र खत्री को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट न्यायाधीश सोनिका पुरोहित, योगिता पारीक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार तथा मजिस्ट्रेट शिवानी तथा पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र सिंह शेखावत, एडवोकेट धनराज सैनी सहित चुरू जिला अभिभाषक संघ के सदस्य अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा ने किया।

## नगरपालिका राजगढ़ के वार्ड नम्बर 34,35 व 27 में लगे कचरे के ढेर



साफ-सफाई नहीं होने के विरोध में प्रदर्शन करते मोहल्लेवासी

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ नगरपालिका क्षेत्र में गत कई दिनों से बिगडी सफाई व्यवस्था के कारण अब लोगों में आक्रोश बढने लगा है। वहीं सोमवार को शहर के वार्ड नम्बर 34 ,35 ओर 27 में छाया गंदगी के आलम के विरोध में लोगों ने जमकर आक्रोश व्यक्त कर सोमवीर गुलपुरा के नेतृत्व में मोहल्लेवसियों ने नगरपालिका राजगढ के खिलाफ प्रदर्शन किया।

शाम पांच बजे प्रदर्शन कर बताया कि फायर ब्रिगेड स्टेशन के नजदीक गंदगी के आलम के कारण समूचे मोहल्ले के लोग परेशान हो गए हैं, कचरे के ढेर लगे हुए हैं तथा प्रदूषण युक्त वातावरण से लोगों को खाना पीना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने बताया कि लगातार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है तथा घर-घर कचरा संग्रहण योजना बंद होने से मुश्किलें बढती जा रही है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि वार्ड 34, 35 और 27 लगते वार्ड है। तथा तीनों वार्डो का कचरा गत काफी दिनों से नहीं उठाया जा रहा है जिसके कारण प्रमुख रास्तों पर कचरे के ढेर लग गए हैं। यही हाल नाले नालियों का है, जिनकी सफाई नहीं होने के कारण गंदगी का आलम बढता जा रहा है। इस अवसर पर सोमवीर गुलपुरा, बजरंग लाल स्वामी, गोविन्द गहनोलिया, बजरंग प्रजापत, लालचंद, राम सिंह, कालु राम रेगर सुनिल, गुमाना राम, सुरेश, पप्पु राम कुलदीप डिगवाल, संतलाल, राजू सैनी, मामराज व हरि राम आदि दर्शन लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि समय रहते सफाई व्यवस्था नहीं हुई तो मोहल्ले के लोग नगर पालिका राजगढ प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे।